# निष्प्रोज्य नीलामी की नियम व शर्ते

1. निष्प्रोज्य सामग्री नीलाम कराने वाले अधिकारी की बाध्यता नहीं है कि वो सबसे ऊंची बोली के पक्ष में स्वीकृत करें।
2. नीलामी अधिकारी द्वारा स्वीकृत कोई बोली सक्षम अधिकारी के अधीन होगी।
3. प्रत्येक स्तर पर बोली बोलने वाले व्यक्ति को अपनी बात पर दृढ़ रहना होगा चाहे तो बोली ऊंची हो अथवा नहीं।
4. कोई व्यक्ति, किसी व्यक्ति की ओर से बोली बोलने के लिए अधिकृत नही होगा जब तक वह इसके लिए उस व्यक्ति द्वारा अधिकृत न हो।
5. सामग्री जहाँ भी रखी/ पड़ी है, सामग्री वहीं से उठाई जायेगी।
6. समस्त इच्छुक व्यक्तियों को सामान में विवरण संख्या / मात्रा / वजन नाप इत्यादि अनुमानित ही बताये जायेंगें।
7. नीलामीकर्ता अधिकारी को वह अधिकार होगा कि वह किसी सामान को नीलामी से बिना सूचना के ही हटवा सकता है।
8. वस्तु का वजन संख्या के आधार पर / घेर के रूप में रहेगा तथा सामग्री सूची की समस्त वस्तुओं के मूल्य की सम्मिलित बोली स्वीकार की जाएगी। सम्मिलित मूल्य पर ही GST देय होगी।
9. बोली टूटने पर सामान का 25% मूल्य धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. यदि धरोहर राशि जमा नहीं की जाती तो बोली निरस्त कर दी जायेगी तथा सामान कम बोली बोलने वाले को देय होगा।
11. यदि सफल बोली बोलने वाला निर्धारित समय में शेष धनराशि का भुगतान नहीं कर पाता है तो उसके पक्ष में नीलामी निरस्त की जायेगी।
12. सम्बंधित बोलीकर्ता द्वारा जमा की गयी धनराशि जब्ज कर ली जायेगी तथा सामान कम बोली बोलने वाले को दे दिया जायेगा।
13. पूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर सामान उच्चतम बोली बोलने वाले को देय होगा।
14. सामान को राजपत्रित अधिकारी के समक्ष प्राप्त किया जाएगा।
15. समस्त वाद/विवाद का निपटारा जिला न्यायालय सहारनपुर के अधीन होगा।
16. नीलामी प्रशासनिक भवन, सावित्री बाई फूले राजकीय महिला पालीटेक्निक, कुम्हार हेड़ा, देहरादून रोड़, सहारनपुर में प्रातः 11:00 बजे होगी।
17. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति स्वंय का जी0एस0टी0 नम्बर, आई0डी0 प्रुफ (पेन कार्ड एवं आधार कार्ड) रजिस्ट्रेशन तथा आयकर 2023-24 विवरण लेकर प्रधानाचार्य, सावित्री बाई फूले राजकीय महिला पालिटेक्निक, सहारनपुर के समक्ष उपस्थित होंगे।
18. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति रू-1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट / नगद प्रधानाचार्य, सावित्री बाई फूले राजकीय महिला पालिटेक्निक, सहारनपुर के पक्ष में, सहित उपस्थित होंगे।

02/06/25

प्रधानाचार्य
सावित्री बाई फूले राजकीय महिला पॉलिटेक्निक,
सहारनपुर

प्रधानाचार्य
सावित्री बाई फूले राजकीय
महिला पालीटेक्निक, सहारनपुर